'श्रीराम स्वच्छाग्रह, स्वच्छ विद्यालय योजना' के तहत डीसीएम श्रीराम ने 150 विद्यालयों को सौंपे शौचालय

बिजनेस रेमेडीज/कोटा। डी.सी.एम. श्रीराम लिमिटेड, कोटा द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के अन्तर्गत 'श्रीराम स्वच्छाग्रह, स्वच्छ विद्यालय योजना' के तहत कोटा जिले के 5 ब्लॉक में लगभग 1072 सरकारी स्कूलों में शौचालयों के जीर्णोद्धार/नव निर्माण का कार्य अपने हाथ में लिया है। जिसके तहत कम्पनी ने सन् 2018-19 में प्रथम चरण में जिले के तहसील लाड़पुरा एवं कोटा शहर में 150 स्कूलों में शौचालयों का जीर्णोद्धार/नवीनीकरण पूरा कर लिया है। इस उपलक्ष्य में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, अरण्डखेड़ा में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कोटा कलेक्टर मुक्तानन्द अग्रवाल आई.ए.एस.,मुख्य अतिथि थे। साथ ही शिक्षा विभाग से जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) गंगाधर मीणा तथा अन्य अधिकारीगण, डी.सी.एम. श्रीराम लि. के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एण्ड रेजीडेन्ट हेड प्रेम दास, प्रेसीडेन्ट एण्ड बिजनेस हेड वीनू मेहता व अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण तथा स्कूल के छात्र-छात्रायें उपस्थित थे। प्रेम दास व वीनू मेहता ने जिला कलेक्टर को शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा इसके उपरान्त प्रथम चरण में पूर्ण किये गये शौचालयों के सम्बन्ध में अधिकारिक-पत्र सौंपा। मुक्तानन्द अग्रवाल, कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, कोटा ने उद्बोधन में डी.सी.एम. श्रीराम लि. द्वारा अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के अन्तर्गत शौचालयों के नवनिर्माण तथा जीर्णोद्धार कार्यों के लिये भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा

प्रधानाध्यापक एवं जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को यह सुनिश्चित करने के लिये निर्देशित किया कि जिन स्कूलों में शौचालयों का निर्माण हो चुका है उन सभी की देखभाल एवं रख-रखाव सुनिश्चित करें। स्वच्छता के प्रति कम्पनी द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छाग्रह कार्यक्रम को भी सराहा।